कार्यालय प्राचार्य
शासकीय पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)
सम्बद्धः—शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़
Website- www.gpdcollegeraigarh.in **College Code – 3203** E-Mail – pdcollege.raigarh@gmail.com

Report

Event Name: Constitution Day Celebration

Event Date: 26 November 2021

No. of Participants: 43 Students and 6 Teachers

Event Report: Constitutional Day Celebration was organised by Govt. P.D. Commerce and Arts College Raigarh C.G.in which our respected speaker emphasised on importance of celebrating Constitutional day from 26-11-2015 onwards and also discussed about the various constitutional rights conferred upon the people.

संविधान दिवस
26-11-2021
शा. पालूराम धनानिया वाणिज्य एवं कला
महाविद्यालय रायगढ़ (छ.ग.)

विधिक शिक्षा केन्द्र

संविधान की जानकारी सभी नागरिकों को होना चाहिए-डॉ. बैस

रायगढ़। महाविद्यालय में आज दिनांक 26 11 2021 को संविधान दिवस के अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया मुख्य वक्ता के रूप में डॉ प्रीति बाला बैस विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग शासकीय किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महा विद्यालय रायगढ़ रही कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसके एक्का द्वारा विद्यार्थियों को संविधान के प्रस्तावना का वाचन कराया गया कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ प्रीति बाला बैस ने संविधान के प्रस्तावना के बारे में विवेचना करते हुए बताया कि प्रस्तावना का प्रत्येक शब्द संविधान का एक चित्र है जिसमें भारतीय संविधान के मूल्य प्रतिबिंबित होते हैं संविधान की जानकारी प्रत्येक भारतीय को होनी चाहिए उन्होंने संविधान के द्वारा मौलिक अधिकार मौलिक कर्तव्य एवं राज्य के नीति निदेशक तत्वों की विस्तार से व्याख्या की कार्यक्रम की अगली कड़ी में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बी पी यादव ने स्वतंत्र भारत में गणतंत्र व्यवस्था पर प्रकाश डाला। भारतीय संविधान के प्रणेता डॉ बी आर अंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर 2015 से हम भारतीय संविधान दिवस के रूप में 26 नवंबर को मनाते आ रहे हैं इससे पहले विधि दिवस के रूप में मनाया जाता रहा है।

कार्यक्रम के अंत में डॉ प्रदीप शर्मा सहायक प्राध्यापक विधि ने प्रस्तावना में निहित धर्मनिरपेक्ष शब्द जोड़े जाने की पूरी प्रक्रिया को विस्तार से समझाया कार्यक्रम का संचालन वआभार प्रदर्शन प्रोफेसर हेमकुमारी पटेल सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी के द्वारा किया गया कार्यक्रम की संयोजक डॉ उषा पटेल सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान के साथ ही महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक व 63 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।